# कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी बलौदाबाजार (छ.ग.)

दूरभाष : 07727-223525, ईमेल आई.डी.–cgayushbalodabazar@gmail.com

क्रमांक / योजना / 2023 / 409-13 बलौदाबाजार, दिनांक 31 / 03 / 2023

## / / विज्ञापन / /

कार्यालय, छत्तीसगढ़ राज्य आयुष सोसायटी, राष्ट्रीय आयुष मिशन संचालनालय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) का पत्र क्रमांक / 15 / 02 / रा.आ.मि. / 2022 / 3353 रायपुर दिनांक 22.09.2022 द्वारा जिला मुख्यालय बलौदाबाजार, में योगा वेलनेस सेंटर हेतु योग सहायक के संविदा के पद पर नियुक्ति किये जाने की अनुमति प्रदान की गई है। इस हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाना है। इच्छुक उम्मीदवार नीचे दिये गए विवरण अनुसार अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में दिनांक 19.04.2023 तक, स्थान–कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.), कक्ष क्रमांक–90, प्रथम तल, संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.) के नाम से रजिस्ट्री / स्पीडपोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत करें सीधे तौर पर आवेदन पत्र स्वीकार नही की जावेगी। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नही किया जावेगा।

(1) आर्हता एवं मानदेय :–

| क्र. | पदनाम | आर्हता | मानदेय |
|---|---|---|---|
| 1 | योग सहायक | 8 वी कक्षा उत्तीर्ण | 8000 / – (प्रतिमाह) |

(2) **योग सहायक के मुख्य कार्य :–**

- प्रतिदिन योगाभ्यासियों हेतु योगामेट, दरी, इत्यादि की बिछावन, साउंड सिस्टम लगाना एवं प्रशिक्षण उपरांत सुव्यवस्थित कर संधारित करना।
- आयुष योगा वेलनेस सेंटर में स्वच्छता की पूर्ण जिम्मेदारी।
- योग चिकित्सक की अनुपस्थिति में केन्द्र की व्यवस्था बनाये रखना।
- समय समय पर योग चिकित्सक एवं अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करना।

**<u>विज्ञापन एवं भर्ती हेतु अन्य आवश्यक दिशा निर्देश :–</u>**

- उक्त पद पर चयन मेरिट के आधार पर किया जावेगा।
- नियुक्त कर्मचारी की सेवायें "मानव संसाधन नीति– वर्ष 2019" के तहत शासित होगी।
- मासिक समेकित एक मुश्त संविदा वेतन देय होगा
- संविदा नियुक्ति 01 वर्ष के लिए की जावेगी। भारत सरकार की स्वीकृति अनुरूप तथा विभाग की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए संविदा कर्मचारी के कार्यो का मूल्यांकन कर नियमानुसार नवीकरण किया जा सकेगा।
- आवेदन करने मात्र पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नही होगा। मूल प्रमाण– पत्रों की जॉच की जावेगी, इसमें सही पाए जाने पर जिला चयन समिति के द्वारा दिये गए शैक्षणिक योग्यता के अंको के आधार पर ही उनके चयन की अग्रिम कार्यवाही की जावेगीं।
- अभ्यर्थी आवेदन पत्र में अपना नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो राजपत्रित अधिकारी / स्वयं के द्वारा सत्यापित कर चिपकावे। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में पूर्ण भरे, स्पष्ट आवेदन पत्र स्वीकार किये जावेगे, अस्पष्ट अपूर्ण भरे आवेदन पत्र अस्वीकार कर दिये जावेगे।
- आवेदक अपने शैक्षणिक योग्यता संबंधित एवं आवेदन के साथ संलग्न समस्त प्रमाण–पत्रों को स्वसत्यापित किये जाने पर ही मान्य किया जावेगा।
- आवेदको को बलौदाबाजार जिला का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है, इसके लिए निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी होना अनिवार्य होगा।

E:\YOJNA\HWC Helth And Welness Center\YOGA SAHAYAK\Notesheet.docx12

डॉ.एल.एस.ध्रुव
जिला आयुर्वेद अधिकारी
जिला–बलौदाबाजार–भाटा.(छ.ग.)

- विज्ञापित पद अनुरूप चयन प्रक्रिया निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक अनुसार मेरिट सूची के आधार पर किया जावेगा।
- उपरोक्तानुसार निर्धारित चयन प्रक्रिया में एक पद हेतु एक से अधिक अभ्यर्थियों को समान अंक प्राप्त होने की स्थिति मे उन अभ्यर्थियों की जन्मतिथि को आधार मानकर आपसी वरीयता की जावेगी तथा अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को नियुक्ति दी जावेगी।
- दावा आपत्ति हेतु अभ्यार्थियों को एक निश्चित समय दिया जायेगा। आवेदन में त्रुटियों की स्थिति में जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा दावा–आपत्तियों का निराकरण करने के पश्चात् पात्र एवं अपात्र अभ्यार्थियों की सूची जारी की जावेगी। दावा आपत्ति हेतु निर्धारित समय के पश्चात किसी भी दावा–आपत्ति को स्वीकार/मान्य नही किया जायेगा।
- चयनित अभ्यर्थी की सेवा संतोषजनक नही होने की स्थिति में कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् माह के पूर्व नोटिस देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार चयनित अभ्यर्थी को त्याग पत्र देने से पूर्व एक माह का सूचना देना अनिवार्य होगा अन्यथा एक माह का मानदेय के समतुल्य राशि जमा करना होगा।
- प्रतिक्षा सूची–आवेदित पद के लिए प्राप्त आवेदन के शैक्षणिक योग्यता के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी। आवश्यकता अनुसार इसी मेरिट क्रम में कार्यदेश समय–समय पर जारी किया जावेगा। निर्धारित अवधि में कार्यभार ग्रहण नही करने/त्यागपत्र दने अथवा किसी भी कारण से रिक्त की स्थिति में एक वर्ष तक की अवधि में मेरिट सूची से निचले क्रम के व्यक्ति का चयन किया जाता रहेगा। लगातार सभी वेबसाईट www.balodabazar.gov.in का अवलोकन करते रहें।
- भर्ती प्रक्रिया के दौरान होने वाली किसी भी प्रकार के विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार कलेक्टर महोदय, जिला बलौदाबाजार–भाटापारा एवं भर्ती हेतु गठित जिला चयन समिति, जिला बलौदाबाजार–भाटापारा को होगा, जिसे सभी आवेदकों को मान्य करने के लिए बंधनकारी होगा।
- चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि उम्मीदार द्वारा किसी भी प्रकार का दबाव डाला या डलवाया जाता जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध कोई भी दावा मान्य नही किया जावेगा।

(डॉ. एल. एस. ध्रुव)
जिला आयुर्वेद अधिकारी
बलौदाबाजार (छ.ग.)

क्रमांक/योजना/2023/ 409-13 बलौदाबाजार, दिनांक 31/03/2023

प्रतिलिपि :–

1 संचालक, आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) रायपुर छ.ग. की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2 कलेक्टर, जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)।
3 जिला सूचना अधिकारी, Nic बलौदाबाजार को सूचनार्थ एवं जिले की वेबासाईट में अपलोड करने हेतु।
4 उप संचालक, जिला जनसम्पर्क विभाग को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु।

जिला आयुर्वेद अधिकारी
बलौदाबाजार (छ.ग.)

# आवेदन पत्र का प्रारूप

राजपत्रित अधिकारी / स्व. प्रमाणित रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करें।

प्रति,

जिला आयुर्वेद अधिकारी,
जिला बलौदाबाजार– भाटापारा छ.ग.

1. आवेदित पद का नाम :– ..........
2. (क) पूरा नाम (हिन्दी में) :– ..........
   पूरा नाम (अंग्रेजी में) :– ..........
   (ख) पिता / पति का नाम :– ..........
   (ग) वर्तमान डाक का पता जिस पर पत्र व्यवहार किया जावेगा :– ..........
   :– ..........
   (घ) स्थायी डाक का पता :– ..........
   :– ..........
3. जन्मतिथि (अंको में) :– दिन ..........माह ..........वर्ष ..........
   (शब्दों में) :– ..........
   (क) 01.01.2023 को आयु :– दिन ..........माह ..........वर्ष ..........
   (ख) निवास का स्थान / जिला :– ..........
   (निवास स्थाई प्रमाण पत्र संलग्न करे) :– ग्राम ..........पोस्ट ..........
   :– तहसील ..........जिला..........
   :– प्रदेश ..........पिन..........
4. रोजगार कार्यालय का नाम :– ..........
   जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक :– ..........
5. आवेदक की श्रेणी

| अ.ज.जा | अ.जा | अ.पि.व. | सामान्य | अन्य | महिला | पुरुष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें

6. **शैक्षणिक योग्यता**

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | बोड / वि.वि. का नाम | प्राप्तांक / पूर्णाक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

7. क्या आप विवाहित है (हॉ/नही) यदि विवाहित है तो विवाह की तिथि ......................................
जीवित बच्चों की संख्या ................................ ।

| क्र | नाम | लिंग | जन्मतिथि |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

8. संलग्नकों का विवरण

1. ................................................................ 2. ................................................................
3. ................................................................ 4. ................................................................
5. ................................................................ 6. ................................................................
7. ................................................................ 8. ................................................................

आवेदक के हस्ताक्षर
नाम ................................................
पता ................................................

घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषित करता/करती हूँ कि मैने विज्ञापित पात्रता की शर्तो को ध्यान से पढ लिया है। जहॉ तक मेरी जानकारी और विश्वास है इस आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियां सत्य और सही है। मुझे मालूम है कि यदि कोई जानकारी असत्य पायी जावेगी तो मेरा आवेदन निरस्त किया जायेगा और चयन के उपरांत भी मेरी नियुक्ति निरस्त की जावेगी। जिसके विरूद्ध मेरे द्वारा कोई दावा प्रस्तुत करने का अधिकार नही होगा।

संलग्न प्रमाणों पत्रों की मूल प्रतियॉ मांगे जाने पर मेरे द्वारा प्रस्तुत किया जावेगा।

स्थान :– ...................................
दिनांक :– ................................

आवेदक के हस्ताक्षर
नाम ......................................
पता ......................................
मो.नं ......................................